## एक नजर में

### 150 साधकों के साथ सन्त समाज भी सम्मिलित



**बड़वाह, निप्र।** ब्रह्मलीन परम् पूज्य संत श्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी के कृपा पात्र शिष्य एवं अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार के वर्तमान गादीपति एवं अखिल भारतीय सन्त समाज के महाराष्ट्र राज्य के प्रदेश अध्यक्ष पूजनीय सन्त श्री गोपाल चैतन्य बाबाजी के सानिध्य में गुरु कृपा से सर्वे भवन्तु सुखिन : सर्वे सन्तु निरामया : की भावना से अखण्ड हरिनाम संकीर्तन एवं नामजप के साथ माँ नर्मदा पैदल परिक्रमा करने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। माँ नर्मदा की इस पैदल परिक्रमा में अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार के लगभग 150 साधको के साथ सन्त समाज भी सम्मिलित हो रहा है। यह परिक्रमा अपने सैप में एक अद्भुत एवं ऐतिहासिक परिक्रमा बनने जा रही है। आज 25 अक्टूम्बर 2025 को ओम्कारेश्वर के गोमुख घाट से सनातन वैदिक परम्परा के अनुसार शुरू होकर अगले लगभग 5 महीने तक निरन्तर चलने जाजे रही माँ नर्मदा की इस पैदल परिक्रमा का उद्देश्य सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करना एवं देश की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए माँ नर्मदा से आशीर्वाद प्राप्त करना है।

### युगल मुनिराज का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह आज

**सनावद, निप्र।** नगर में विराजमान युगल मुनिराज मुनि श्री विश्वसुर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज का चातुर्मास कलश निष्ठापन क्रिया के पश्चात आज, रविवार, 25 अक्टूबर को मांगलिक भवन में भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित किया जाएगा। सन्मति जैन काका ने बताया कि पिछले चार माह से निरंतर धर्म प्रभावना में संलग्न युगल मुनिराज का वर्षायोग निष्ठापन क्रिया पूर्ण होने के बाद यह समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे। मुनि सेवा समिति अध्यक्ष मुकेश जैन व प्रशांत जैन ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की शुरुआत बड़ा जैन मंदिर से पिच्छिका जुलूस के साथ होगी, जो मांगलिक भवन में समाप्त होगा। समारोह में दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण, स्वागत नृत्य, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, नई-पुरानी पिच्छिका का आदान-प्रदान और चातुर्मास कलश वितरण जैसे कार्यक्रम होंगे। समाज अध्यक्ष मनोज जैन व आशीष झांझरी ने सभी समाजजनों से इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### सनावद में मौसम ने ली करवट : गर्मी से राहत, ठंड और बारिश का आगमन

**सनावद, निप्र।** सनावद में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए गर्मी से राहत दी और ठंड के आगमन के साथ हल्की बारिश की शुरुआत की। शनिवार सुबह से ही शहर में खुशनुमा माहौल रहा, जब बारिश की बूंदों ने सड़कों को तर कर दिया। स्थानीय निवासियों ने गर्मी से निजात पाकर राहत की सांस ली। दोपहर करीब 2 बजे तक बादल और बारिश का लुका-छिपी का खेल जारी रहा। इसके बाद सूरज की किरणों ने मौसम को रंगीन किया, लेकिन शाम ढलते ही बारिश ने फिर दस्तक दी। रात तक बूंदा-बांदी ने शहर को और सुहावना बना दिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह बारिश ठंड के मौसम की शुरुआत का संकेत है, जो गर्मी को अलविदा कहते हुए ठंड को स्वागत करने को तैयार है। फिलहाल, सनावद का मौसम सुहावना बना हुआ है, और आने वाले दिनों में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। स्थानीय लोग इस मौसमी बदलाव का आनंद ले रहे हैं।

### नर्मदा पूजा करने गए व्यक्ति की पांव फिसलकर गहरे पानी में जाने से हुई मौत

**कसरावद, निप्र।** कसरावद के ग्राम बड़गांव मैं शुक्रवार शाम को नर्मदा नदी डेरी घाट पर पूजा करने गए व्यक्ति मयंक पिता पंडरी यादव उम्र 24 वर्ष पांव फिसलने से नर्मदा नदी के गहरे पानी में जाने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मयंक यादव शुक्रवार शाम से अपने घर नहीं लौटने से घर वालों ने उसकी तलाश की तो पता चला कि नर्मदा नदी पर पूजा करने गया हुआ है जहां पर जाकर देखा तो मयंक यादव के घाट पर चप्पल दिखे। आसपास रात के अंधेरे में तलाशने पर सुबह तक नहीं मिला तो घर वालों के द्वारा नर्मदा नदी की तलाश की तो एक नाविक द्वारा बताया गया कि 200 मिटर दूर एक शव पानी पर तेर रहा है जिसको जाकर घर वालों ने देखा तो पता चला कि वह मयंक यादव की लाश थी लाश मिलने से पूरे गांव में शोक की लहर छा गई घर वालों के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद लाया गया एवं पुलिस को सूचना दी गई जहां पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कर मर्ग कायम किया शव को परिजनों के सुपुर्द किया कसरावद पुलिस जांच में जुटी।



### 18 साल की उम्र तक बच्चे न चलाएं वाहन : न्यायाधीश यादव




**खरगोन, निप्र।** शहर के देअ. शा. उत्कृष्ट विद्यालय में शनिवार को जिला न्यायाधीश राजकुमार यादव की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायाधीश श्री यादव ने छात्र-छात्राओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि छात्रों को विद्यार्थी जीवन से ही कानून के सामान्य प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे जाने- अनजाने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने या अपराध करने से बच सके। छात्रों को बाल न्यायालय, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, मोटर दुर्घटना अधिनियम के सामान्य प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि जब तक वे 18 वर्ष पूर्ण न हो जाये व उनका लायसेंस न बन जाये तब तक दो पहिया वाहन चलाने से बचे। इस अवसर पर सुश्री शाईजा शेख, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल एवं पैरालीगल वालेंटियर मुर्शरफ खान ने भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यकम में प्राचार्य डॉ. श्रीमती मीरा रखोलिया, पैरालीगल वालेंटियर राजा निगवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंडी इतिहास में पहली बार मंगलवार की जगह रविवार रहेगा अवकाश

## किसानों में मिली-जुली प्रतिक्रिया, रविवार अवकाश से बढ़ेगी ट्रैफिक चुनौती, मंगलवार को रहेगा दबाव



**नवभारत न्यूज़**

**भीकनगांव, निप्र।** भीकनगांव कृषि उपज मंडी के इतिहास में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। मंडी प्रशासन ने पहली बार मंगलवार की जगह रविवार को अवकाश घोषित किया है। यह निर्णय गत दिनों को हुई बैठक में एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल, तहसीलदार रविंद्र सिंह चौहान, मंडी सचिव रचना टिक्केकर की मौजूदगी में लिया गया। इस बदलाव के साथ ही शुक्रवार को भारतीय कपास निगम (ष्टष्टढ्ढ) ने कपास खरीदी की शुरुआत की और भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी भी प्रारंभ की गई। एक ओर जहां किसानों के लिए यह राहत की खबर रही, वहीं अवकाश परिवर्तन को लेकर व्यापारी वर्ग में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली।

### रविवार अवकाश से बढ़ेगी ट्रैफिक चुनौती, मंगलवार को रहेगा दबाव

अब तक मंगलवार को मंडी बंद रहती थी, जिससे उस दिन लगने वाले हाट-बाजार के दौरान यातायात पर दबाव नहीं रहता था। लेकिन अब मंगलवार को मंडी खुली रहने से ट्रैफिक और मजदूर व्यवस्था दोनों पर असर पड़ सकता है। वरिष्ठ कपास व्यापारी निर्मल अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार को हाट-बाजार के चलते लेबर नहीं आती, वहीं जाम की स्थिति भी बनती है। रविवार अवकाश से यह समस्या और बढ़ सकती है। प्रशासन को इसके समाधान के लिए पहले से तैयारी करनी चाहिए।

### भावांतर योजना में आठ किसानों ने बेची सोयाबीन

शुक्रवार को भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मंडी सचिव रचना टिक्केकर ने बताया कि पहले दिन आठ किसानों ने अपना पंजीयन दिखा कर उनकी उपज खरीदी गई। योजना से किसानों को फायेदा मिलेगी।

### सीसीआई खरीदी से किसानों को राहत की उम्मीद

भारतीय कपास निगम (ष्टष्टढ्ढ) के अधिकारी जे.पी. सिंह ने बताया कि समर्थन मूल्य पर कपास बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीयन और स्लॉट बुकिंग कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस किसान का स्लॉट रहेगा, उसी का कपास खरीदा जाएगा। पहले दिन तीन किसानों की उपज खरीदी गई है। प्रतिदिन सौ से अधिक किसानों की कपास खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। सीसीआई की इस प्रक्रिया से किसानों को उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिलने की उम्मीद है।

## बालिकाओं ने जिला एवं संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं का 69 वी राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओ में चयन. शासकीय सांदीपनि कन्या उच्च त्तर माध्यमिक विद्यालय बड़वाह की बालिकाओ ने शालेय खेलकूद में होने वाली अलग अलग प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बनाकर 69वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हूई है द्य संस्था के खेल शिक्षक डी. एस. चौहान ने बताया की विद्यालय की बालिकाओ ने जिला एवं संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया इसी आधार पर इनका चयन राज्य स्तर की प्रत्योगिताओ के लिए हूआ है कु. रमिला डावर 1500 मीटर दौड़ हेतु भोपाल मैँ 25 अक्टुम्बर से भोपाल मैँ होने वाली एथेलिटक्स प्रतियोगिता मैँ भाग लेगी कु. प्रिया डावर तीन किलो मीटर वाक मैँ सागर मैँ भाग लेगी वही गरिमा अशोक चौहान शानू पिता जितेंद्र चावड़ा. सोनाली श्याम लाल रोप स्किप्पिंग मैँ तथा जानकी पिता जगदीस केवट खो खो मैँ 28 अक्टुम्बर से जबलपुर मैँ होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मैँ भाग लेगी. संस्था एवं बालिकाओ की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्राचार्य हंसा कानूडे, निर्मल चौधरी, विशाल चौहान, अनूप अत्रे, नवीन मिश्रा, जितेंद्र चोरे, बलिराम पटेल.प्रेम सिंगारे, प्रियदर्शिनी पाटोदा, ऋतू श्री पंवार, शीतल सोहनी, भारती बिरला, सीमा भार्गव, नागभुसन शर्मा, सतविंदर भाटिया, प्रताप ठाकुर, सत्यम गीते, राधिका बिरला, जे सी सावले, अनीता विजयवर्गीय, वीरेंद्र दसौंधी, अभिषेक शर्मा सहित विद्यालय परिवार ने बालिकाओ को बधाई देते हूए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कलेक्टर के नाम से अधिकारियों को किया जा रहा वाट्सएप मैसेज

### जांच में जुटी सायबर पुलिस



**खरगोन, निप्र।** सायबर ठगी के नित नए तरीके अपनाने वाले सायबर ठगों ने इस बार कलेक्टर का फोटो इस्तेमाल कर अफसरों से धन उगाही का प्रयास किया है। इस सायबर ठगी का खुलासा खुद प्रशासनिक अधिकारियों ने सायबर पुलिस को शिकायत कर किया है। जनसंपर्क कार्यालय ने भी इस ठगी की पुष्टि करते हुए संदेश जारी किया है कि सतना के हैकर वियतनाम के किसी अज्ञात नंबर .84339410118 का इस्तेमाल कर जिला कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के नाम से मैसेज कर रहे हैं। सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि यह फर्जी नंबर है, जिससे काल अथवा मैसेज आने पर जवाब नहीं दिया जाए और तत्काल ब्लॉक किया जाए। कलेक्टर महोदया के आधिकारिक नंबर .917587980900 के अलावा किसी अन्य नंबर से कभी भी संपर्क नहीं किया जाएगा। इस मामले की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। अब पुलिस की साइबर सेल टीम इस मामले की जांच कर रही है।

## बड़वाह अनु गीत मंडल ने मनाया नव्या जन कल्याण स्कूल समिति बच्चों के साथ दीपावली मिलन समारोह




**बड़वाह से सतीश अमोरा**

जिसमें सभी बच्चों को फल कपड़े मिठाई काफी पेन टाफिया बच्चों को देखकर उनका मन मोह लिया यह सभी बच्चे अनाथ हैं किसी के मां-बाप नहीं है तो किसी की मन नहीं है। इस व्यस्त भारी जीवन में हम थोड़ा समय इन बच्चों को देकर हमें दुनिया भर की खुशियां मिलती है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता पार्षद रजनी भंडारी उपस्थित थे। उन्होंने अपना उन्होंने अपना कीमती समय देकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अनु गीत मंडल के सदस्यों में किरण बाफना, कविता लोढ़ा, रीता छाजेड़, जूली बम, निधि बम, रेखा जैन, कविता जैन, प्रीति कोचर, श्वेता जैन ,अनीता जैन, मौजूद रहे।

## 29 को महालक्ष्मी मंदिर ऊन में मनेगी गोपाष्टमी, लगेंगे छप्पन भोग, होगा भंडारा



**खरगोन, निप्र।** जिला मुख्यालय से करीब 18 किमी दूर स्थित अतिप्राचीन देवी श्री महालक्ष्मी मंदिर में गोपाष्टमी पर होने वाले अन्नकुट महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई है। इस वर्ष भी यहां तीन दिवसीय आयोजन किए जाएंगे। मंदिर पुजारी नरेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अन्नकूट महोत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। मंदिर को सुसज्जित फूलों के साथ ही रंग. बिरंगी विद्युत तुलिकाओं से सजाया जा रहा है। महोत्सव में देशभर से करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ पहुंचने का अनुमान है। भक्तों की संख्या को देखते हुए महिला. पुरुषों के लिए अलग. अलग बेरिकेटिंग व्यवस्था की जा रही है। इस साल गोपाष्टमी 29 अक्टूबर को आ रही है। पहले दिन मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या होगी। दूसरे दिन नुक्ति की महाप्रसादी तैयार की जाएगी। तीसरे दिन माता को 56 भोग का अन्नकूट प्रसाद अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही गौ.माता की पूजा और विशाल भंडारा होगा। इस दौरान रोजाना हवन यज्ञ होगा। वहीं, 21 कुंडीय महायज्ञ में 21 से अधिक जोड़े आहुति देंगे।

## मानसून विदाई के बाद, फिर छाए बादल, बारिश के बन रहे आसार



**खरगोन, निप्र।** जिले में थम चुका बारिश का दौर एक बार फिर सक्रिय होते नजर आ रहा है। अक्टूबर माह विदाई के पहले अचानक मौसम ने करवट ली है। पिछले एक माह से दिन में पड़ रही तेज धूप के चलते जहां लोग तपन भरी गर्मी से हलाकान थे, अचानक दो दिन से बादल छाने के चलते गर्मी और उमस से राहत मिली है। पिछले दो दिनों से बादल छाए रहने के कारण तापमान में भी गिरावट देखी जा रही है। शनिवार न्यूनतम तापमान 19 से घटकर 18.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री से घटकर 31.2 रहा। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और 9 बजे कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश का दौर भी चला, ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी बारिश का दौर खत्म नहीं हुआ है। बादल छान और हल्की बारिश के बाद गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है।

**एक नजर में** | 27 अक्टूबर से शालेय राज्य वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू

# मंडलेश्वर के वेटलिफ्टर इंदौर में दिखाएंगे अपना दम

**नवभारत न्यूज़**

**मंडलेश्वर, निप्र।** शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर के प्रतिभावान खिलाड़ी वालीबॉल प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराने के बाद अब वेट लिफ्टिंग में भी अपना दम दिखाएंगे। इंदौर में 27 अक्टूबर से होने वाली शालेय राज्य वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग की वेटलिफ्टिंग टीम में मंडलेश्वर के चार वेट लिफ्टर शामिल है।इनमें सीनियर वर्ग में छात्र दीपक वर्मा और जयेश वर्मा जूनियर वर्ग में छात्र आयुष परदेशी और रौनक वर्मा बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है।शनिवार को स्कूल मैदान पर प्रेक्टिस के बाद उन्हें प्राचार्य जे के सोनी और शिक्षकों ने शुभकामनाएं देकर विदा किया।जनजातीय कार्य विभाग की वेटलिफ्टिंग टीम में जनरल मैनेजर एवं विद्यालय के पी टी आई मुश्ताक जे पठान ने बताया कि टीम पूरी तरह से श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार है।इस टीम के कोच शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल धरगांव के पी टी आई रॉबर्ट डेनियल डाबर है।जनजातीय कार्य विभाग खरगोन के सहायक आयुक्त आदिल इकबाल एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।महात्मा गांधी विद्यालय मंडलेश्वर के विद्यार्थियों ने शालेय राज्य वालीबॉल प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।वालीबॉल सीनियर वर्ग की शालेय राज्य प्रतियोगिता गाडरवाड़ा नरसिंहपुर में विद्यालय के कुणाल वर्मा ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जबकि जूनियर वर्ग की अम्बा मुरैना में हुई प्रतियोगिता में मोहित साधव और मोहम्मद तौसीफ खान ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

